मध्यप्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला जी द्वारा आज दिनांक 02.02.2024 को राजा भोज हवाई अड्डे, भोपाल पर स्वचालित बाहरी वितंतुविकंपनित्र (ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर–AED) का उद्घाटन किया गया । कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुमित मंडल, प्रभारी आपात सेवाएं, अपोलो सेज अस्पताल, भोपाल एवं उनकी टीम द्वारा सभी को इस मशीन के लाभ बताए गए एवं उपयोग पर डिमॉन्सट्रेशन दिया गया। नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) के निर्देशानुसार यह डिवाइस सभी हवाईअड्डों पर होना आवश्यक है।भोपाल हवाई अड्डा मध्य प्रदेश का पहला हवाई अड्डा है जहां इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। भोपाल विमानतल के टर्मिनल भवन में विभिन्न चार स्थानों– आगमन, प्रस्थान, सिक्योरिटी होल्ड एरिया एवं पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज– में यह डिवाइस प्रतिष्ठापित किया गया है। यह पहल हृदय गति रुकने की आपातकालीन स्थिति में यात्रियों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।राजा भोज हवाई अड्डे पर AED की स्थापना एक सराहनीय पहल है। इससे हवाई यात्रा को और अधिक सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी और यात्रियों और कर्मचारियों के जीवन की रक्षा हो सकेगी।